दिनांकः 28.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

लोकसभा में आज विपक्ष के हंगामे की वजह से कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के साथ कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक पर अपनी बात रखनी चाही। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इस मुद्दे को उठाने के सलाह दी। इसके बावजूद सदन में हंगामा जारी रहा। इस पर कार्यवाही को स्थगित किया गया।

....

प्रदेश में कल मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किया जायेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में आयोजित होगा। उत्सव में 20 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कार्मिक शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा चयनित कार्मिकों से संवाद भी करेंगे। सभी जिलो के स्तर पर महोत्सव के लिए तैयारियां की जा रही है। ये जिले मुख्य कार्यक्रम से वीडियों कॉन्फेन्स के माध्यम से जुडेगें। सीकर के जिला परिषद सभागर में आयोजित होने वाले इस कार्यकम को लेकर कल जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की।

....

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पूरक परीक्षा 2024 और मुख्य परीक्षा 2025 की तारीखें घोषित कर दी हैं। बोर्ड की सप्लीमेंट्री परीक्षा के प्रेक्टिकल 25 जुलाई से होगें वहीं सैद्धांतिक परीक्षा 1 अगस्त से शुरू होंगी। इसी तरह अगले साल 12 वी बोर्ड की परीक्षा 25 फरवरी और 10 वी की परीक्षा 27 फरवरी से आयोजित की जायेगी।

....

प्रदेश में पांच साल तक के बच्चों को आगामी रविवार को पल्स पोलियों की दवा पिलाई जायेगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। विभिन्न ज़िलों में कार्यकम आयोजित कर इसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जैसलमेर में आज जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, प्रशिक्षणार्थी नर्सिंग कर्मी और ए.एन.एम. ने भाग लिया।

....

पाली में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से चलाये जा रहे 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यकम आयोजि किये जा रहे है। आज कैम्प लगाकर में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

....

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र की ओर से आज से तीन दिवसीय युवा नाट्य समारोह की शुरुआत होगी। शाम सात बजे रंगायन सभागार में नाटक गोरधन के जूते का मंचन किया जाएगा। देशराज गुर्जर की ओर से नाटक का निर्देशन किया गया है। कल शिल्पग्राम में लड्डा चाशनी नाटक खेला जाएगा। वही 30 जून को कृष्णायन में अनुराग सिंह राठौड़ के निर्देशन में नाटक कठपुतलियां का मंचन होगा। गौरतलब है कि युवा नाट्य निर्देशक अनुदान योजना 2023–24 के तहत इन तीनों निर्देशकों का चयन किया गया है। रंगकर्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा नाट्य निर्देशकों को प्रोत्साहित करने के लिए जवाहर कला केन्द्र की ओर सेयह अनुदान प्रदान किया जाता है।

....

प्रदेश में पूर्वी क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के दौरान बादल गरजने और कही कही बिजली गिरने के साथ ही मध्यम से भारी वर्षा हुई है। जबकि पश्चिमी राजस्थान में कही कही मध्यम से भारी वर्षा दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 9–9 सेन्टीमीटर वारिश अजमेर के मसूदा–भरतपुर के कामां और डीग, कोटा एयरो और दौसा में हुई। सीकर के रामगढ शेखरन, भरतपुर के कुम्हेर और भरतपुर तहसील में 8–8 सेन्टीमीटर पानी बरसा। वही झुंझुनू के उदयपुरवाटी, अजमेर के भिनाय, धौलपुर तहसील, झालावाड के गंगधार और उदयपुर के झाडोल में 7–7 सेन्टीमीटर बरसात दर्ज की गई। इसके अलावा अलवर, सावईमाधोपुर, जयपुर, सिरोही, करौली, भीलवाडा, बासवाड़ा, कोटा, राजसमंद, पाली, जैसलमेर और बीकानेर में कई स्थानों पर कई स्थानो पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज भरतपुर, जयपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद तेज बादल गरजने और बिजली चमकने के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं बिजली गिरने और एक दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

....